आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न क्षेत्रों में प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान लागू करने की सराहना करते हुए कहा है कि यह विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सहायक हो रहा है। प्रधानमंत्री गतिशक्ति के शुभारंभ की तीसरी वर्षगांठ पर नई दिल्ली के भारत मंडपम में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गतिशक्ति के माध्यम से संबंधित मंत्रालयों और विभागों ने कोयला, इस्पात, उर्वरक, बंदरगाह, खाद्य और सार्वजनिक वितरण प्रणाली जैसे अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण क्षेत्रों के अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी से संबंधित एक सौ 56 अवसंरचनाओं में कमियों की पहचान की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि रेल मंत्रालय की सिर्फ एक वर्ष में चार सौ से अधिक रेलवे परियोजनाओं और 27 हजार किलोमीटर रेल लाईन निर्मित करने की योजना है।

कुल्लू दशहरा

सप्ताह भर चलने वाला कुल्लू का अंतर्राष्ट्रीय दशहरा कल ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में देव वाद्य यंत्रों की धुनों के बीच निकाली गई भगवान रघुनाथ जी की भव्य शोभा यात्रा के साथ शुरू हो गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने अंतर्राष्ट्रीय दशहरा महोत्सव का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस मौके पर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, मुख्य संसदीय सचिव सुन्दर सिंह ठाकुर और भगवान रघुनाथ जी के छड़ीबरदार महेश्वर सिंह सहित हजारों की संख्या में लोग पारम्परिक वेशभूषा में मौजूद रहे। रथयात्रा में एक सौ से अधिक देवी–देवता शामिल हुए हैं। इस मौके पर राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को कुल्लू दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां की पवित्र भूमि में भगवान रघुनाथ जी का वास है और उनका यहां से गहरा नाता है। उन्होंने कहा कि हमारी सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग रहे कुल्लू के इस अनूठे उत्सव में न केवल यहां की परंपराओं को संजोकर रखा है, बल्कि अपनी भव्यता के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान भी बनाई है। राज्यपाल ने कहा कि उत्सव के दौरान देवताओं की शोभायात्रा, आकर्षक मेले और विभिन्न क्षेत्रों के लोगों की भागीदारी प्रदेश के लोगों के अध्यात्म और सांस्कृतिक विरासत के साथ गहरे संबंध को दर्शाती है। इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि ये उत्सव पर्यटन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है और हमें लगातार लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने के प्रयास भी करने चाहिए। उत्सव के दौरान राज्यपाल ने विभिन्न प्रदर्शनियों का शुभारंभ किया। डैस्क / आशीष

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता और प्रगति का मूल्याकंन करने के लिए दिसम्बर के पहले सप्ताह में नेशनल एसेस्मेंट सर्वे किया जाएगा। शिमला जिला के रोहड़ू में एक निजी स्कूल के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में उन्होंने कहा कि इस सर्वे में सरकारी स्कूलों के अलावा निजी स्कूल भी भाग लेंगे। रोहित ठाकुर ने बताया कि प्रदेशभर में इस समय 40 फीसदी विद्यार्थी निजी संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और हिमाचल की गिनती देश के सर्वाधिक साक्षर राज्यों में की जाती हैं।

भाजपा

भाजपा का सक्रिय सदस्यता का अभियान 16 अक्तूबर से शूरू हो रहा है। इसे लेकर आज से प्रदेश के अनेक स्थानों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें सांसद, विधायक और पार्टी पदाधिकारी भाग लेंगे।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज आज धूप खिलने से मौसम सुहावना बना हुआ है। प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से मौसम के साफ रहने से मैदानी इलाकों में दिन में उमस महसूस की जा रही है, हालांकि पहाड़ी व जनजातीय क्षेत्रों में सुबह–शाम के तापमान में गिरावट जारी है। मौसम विभाग ने उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में 19 अक्तूबर को बारिश होने की संभावना जताई है।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर

आज समाचार पत्रों ने अतंरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरे के शुभारंभ से जुड़ी खबर को प्रमुखता से सचित्र प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–ढालपुर में उमड़ा आस्था का सैलाब, 300 देवी–देवताओं ने डाला डेरा। पंजाब केसरी के शब्द हैं–भगवान रघुनाथ जी की रथयात्रा के साथ कुल्लू दशहरा उत्सव शुरू, हजारों लोगों ने खींची रथ की डोर। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–भगवान रघुनाथ की रथयात्रा के साथ कुल्लू अंतरराष्ट्रीस दशहरा उत्सव का भव्य आगाज। दैनिक भास्कर का कहना है–कुल्लू में शान से निकला रघुनाथ जी का रथ, 283 देवी–देवता व सैंकड़ों लोग बने साक्षी। दैनिक जागरण की सुर्खी है–सात देशों के कलाकार विभिन्न सांस्कृतिक संध्याओं में देंगे प्रस्तुति। हिमाचल दस्तक ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के हवाले से लिखा है–एक साथ दिखती है देव संस्कृति। आपका फैसला के मुताबिक–राज्यपाल ने किया शुभारंभ, श्रीराम जी ने सेना के साथ की लंका पर चढ़ाई।

दैनिक सवेरा टाइम्स ने खबर दी है–सीएम सुक्खू ने की बैलेट पेपर पर चुनाव करवाने की पैरवी।

दैनिक भास्कर ने खबर दी है–पंचायतों को प्लास्टिक कचरा मुक्त बनाने के लिए जल्द शुरू होगा ओडीएफ–दो प्लान। अमर उजाला की एक खबर है–सीआईडी में छह माह से ज्यादा समय से कार्यरत पुलिस कर्मी होंगे वापस।